G20

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,कोटा (राज.)
(NAAC द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त संस्थान)
Email address principalgckota@gmail.com

आजादी का अमृत महोत्सव

क्रमांकः– 2094 दिनांक :– 8/1/2024

कार्यक्रम रिपोर्ट

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के आदेशानुसार राजकीय महाविद्यालय, कोटा में खेल सप्ताह का विधिवत शुभारंभ दिनांक 08 जनवरी 2024 से किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य प्रो. प्रतिमा श्रीवास्तव ने बताया खेल सप्ताह आयोजित करने का उद्धेश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में सर्वागींण विकास करने, उनका आत्मविश्वास बढ़ाने ओर टीम स्पिरिट की भावना विकसित करना है। मुख्य अतिथि डॉ. संगीता संक्सेना प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज कोटा ने सभी विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं खेलों परस्पर सबंध के बारें में बताया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अंजु कपूर ने इस अवसर पर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुये उन्हे अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

इस प्रतियोगिता में दो प्रकार के खेल इनडोर एवं आउटडोर का आयोजन किया जाना है। प्रथम दिन खो–खो, कबड्डी का आयोजन किया गया। खो–खो, (छात्रा वर्ग) में प्रतियोगिता में रक्षन्दा सैनी एवं टीम प्रथम चेल्सी एवं टीम रनर अप रही। खो–खो, (छात्र वर्ग) में प्रतियोगिता में रिकेंश नागर प्रथम स्थान एवं नावेद टीम रनर अप रही। कबड्डी (छात्रा वर्ग) में मुस्कान एवं टीम ने प्रथम स्थान एवं चेल्सी एवं टीम रनर अप रही। कबड्डी (छात्र वर्ग) में शंशाक एवं टीम ने प्रथम स्थान एवं अथर्व एवं टीम रनर अप रहे। प्रतियोगिता वार सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी को जिला स्तर पर आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। खेल सप्ताह में खेल प्रेरक एवं प्रशिक्षक के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोटा से श्रीमती नीता डांगी, श्रीमती इन्द्रप्रीत, श्री सुनील शर्मा व श्री साबिर हुसैन को आंमन्त्रित किया गया। साथ ही विनय राज सिंह, बहादुर सिंह व विशाल शर्मा ने खेल कोच के रूप में विशेष योगदान दिया। आज की प्रतियोगिता का संचालन डॉ. वीणा चोरसिया, डॉ. मंजू मीणा व डॉ. नरेश नायक ने किया। मंच संचालन डॉ. रीना कुमारी ने किया। खेल समिति के सदस्य डॉ. सचिन डोई एंव रामेत मीणा ने आज के खेलो के एवं टीमों के विषय में जानकारी दी। संयोजक डॉ. एस.एम. नफीस ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु धन्यवाद प्रेषित किया। महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य इस अवसर पर विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित रहे।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,कोटा